राजस्थान पत्रिका 9/8/16

समितियों का गठन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में भेड़-बकरी पालन के क्षेत्र में पशुपालकों की समितियों का गठन किया गया है।

संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने बताया कि संस्थान द्वारा जांच में पाया गया कि भेड़ एवं बकरी पालक आज भी असंगठित है। इसके कारण बिचौलियों द्वारा उनका शोषण किया जाता है। उनके उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है।

भेड़-बकरी पशुपालकों की इन समस्याओं का समाधान करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉ. एच. रहमान के निर्देशों पर भेड़-बकरी पालक सहकारी समिति का गठन किया गया है। इसमें सहकारिता विभाग टोंक के ओमप्रकाश चौधरी की देखरेख में समितियों का गठन किया गया है। समिति अध्यक्ष सत्यनारायण, उपाध्यक्ष रोडूलाल, कोषाध्यक्ष मीर बक्श तथा सचिव रमेशचंद को मनोनीत किया गया है।

स्वच्छता सप्ताह हुआ शुरू

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में सोमवार को संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत की।

इस दौरान नकवी ने कहा कि परिसर में उगी गाजर घास हानिकारक है। उसे सभी कर्मचारियों के सहयोग से हटाया जाएगा। गाजर घास एक हानिकारक खरपतवार है, जो जैविक विविधता को हानि पहुंचाता है। जनमानस को भी इससे एलर्जी होने का खतरा बना रहता है। इस अवसर पर संस्थान में पौधारोपण कार्यक्रम भी हुआ। संचालन प्रभारी श्याम सिंह ने किया।

दैनिक भास्कर 9/8/16

टोंक

हानिकारक गाजर घास से मुक्त होगा अविकानगर परिसर

भास्कर न्यूज | मालपुरा

केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत यहां उगने वाली हानिकारक गाजर घास को साफ किया जाएगा । इसके लिए सोमवार को निदेशक डॉ. एस एम के नकवी के नेतृत्व में अभियान शुरू किया गया है। अभियान में अविकानगर संस्थान के सभी कर्मचारी व अधिकारी काम कर रहें है। निदेशक डॉ. नकवी ने बताया है कि गाजर घास हानिकारक खरतपवार है यह जैविक विविधता को नुकसान पहुंचाता है ।

लोगों को इससे शरीर में एलर्जी होने का खतरा रहता है। सभी कर्मचारियों ने अविकानगर को गाजर घास से मुक्त करने का संकल्प लेकर इसे समुचा नष्ट करने का अभियान शुरू किया है। निदेशक ने बताया कि गाजर घास को समाप्त कर परिसर में पोधारोपण किया जाएगा जिससे फलदार फूलदार व छायादार पेडो की भरमार होगी। प्रभारी श्यामसिंह के सानिध्य में कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।